# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 16 जून।** केन्द्र सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर विपक्षी नेताओं का दमन करने की नीति के तहत् कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गाँधी एवं कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी को बिना किसी आधार के ईडी द्वारा नोटिस दिये जाने के विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में हजारों की संख्या में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने जयपुर में राजस्थान राजभवन का घेराव किया तथा सिविल लाईन्स फाटक पर धरना देकर विरोध-प्रदर्शन किया।

धरने को सम्बोधित करते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि देश में पिछले 8 वर्ष से हिटलरशाही सरकार का शासन चल रहा है जिसके काम करने के तरीके को अब जनता पहचान चुकी है। उन्होंने कहा कि झूठे वादे कर सत्ता में आई मोदी सरकार को जनता ने बहुत समय दिया, किन्तु चुनाव में किये गये वादों का हिसाब जनता के समक्ष मोदी सरकार ने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि सेना के शौर्य के पीछे छिपकर श्री नरेन्द्र मोदी पुनः सत्ता में आ गये जिससे इनका अहंकार बढ़ गया। उन्होंने कहा कि देश में मंहगाई, युवाओं को रोजगार, शुद्ध पेयजल, महिलाओं का उत्थान, सेना का सुदृढ़ीकरण, किसानों की आय दुगुनी करने जैसे मुद्दों को मोदी सरकार भूल गई। विदेशों से कालाधन लाने, भ्रष्टाचार मिटाने के वादे से भटकी मोदी सरकार पर जब सवाल उठाये जाने लगे तथा 8 वर्ष के शासन का हिसाब मांगा गया तो मोदी सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग विपक्षी नेताओं के दमन के लिये करना प्रारम्भ कर दिया। उन्होंने कहा कि देश में बढ़ती मंहगाई, बढ़ती बेरोजगारी, देश की सीमाओं की रक्षा जैसे ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिये केन्द्र सरकार के ईशारे पर ईडी ने कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गाँधी एवं कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी को ईडी का नोटिस दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सत्ता में आते ही अपने पूंजीपति मित्रों को खुश करने के लिये भूमि अधिग्रहण बिल में संशोधन करने का प्रयास किया किन्तु किसानों के हित में श्री राहुल गाँधी द्वारा आवाज उठाने के कारण श्री नरेन्द्र मोदी अपने षड़यंत्र में सफल नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि केन्द्र

2.........

Created by Universal Document Converter

की भाजपा सरकार ने किसानों के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार किया है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दुगुनी करने की बजाए मोदी सरकार ने अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ देने तथा किसानों को बरबाद करने के लिये तीन काले कृषि कानून लागू किये थे जिसके विरूद्ध श्री राहुल गाँधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर केन्द्र सरकार के विरूद्ध लड़ाई लड़ी तथा केन्द्र सरकार को 15 महिने के संघर्ष के पश्चात् देश से माफी मांगते हुए तीनों काले कृषि कानून वापस लेने पड़े।

श्री डोटासरा ने कहा कि भाजपा ने चुनावों में दो करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष देने का वादा किया था, किन्तु युवाओं के साथ सौतेला व्यवहार करते हुए आज केवल 10 लाख नौकरियां डेढ़ वर्ष में देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि देश का युवा प्रधानमंत्री से प्रश्न कर रहा है कि रेलवे, बैंक, सेना में भर्तियां कब निकलेंगी तथा केन्द्र सरकार के अधीन विभागों के रिक्त पदों को क्यों नहीं भरा जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने सेना में चार साल के लिये भर्ती करने की घोषणा की है जो कि देश के युवाओं के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की मंशा यह है कि चार साल सेना में नौकरी करने के पश्चात् युवा मोदी सरकार के पूंजीपति मित्रों के गोदाम में चौकीदारी का कार्य करे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी जनता की आवाज उठाते हैं तथा मोदी सरकार के किसी भी षड़यंत्र से ना तो डरेंगे और ना झुकेंगे। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गाँधी एवं उनके परिवार का योगदान देश की जनता जानती है। उन्होंने कहा कि देश को आजाद कराने से लेकर आज के विकसित राष्ट्र के निर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू, स्व. श्रीमती इंदिरा गाँधी एवं स्व. श्री राजीव गाँधी का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि देश की एकता एवं अखण्डता के लिये पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गाँधी एवं स्व. श्री राजीव गाँधी ने अपने जीवन का बलिदान कर दिया था। उन्होंने कहा कि युवाओं को मताधिकार का अधिकार स्व. श्री राजीव गाँधी ने ही दिया था तथा भारत को 21वीं सदी में ले जाने का श्रेय स्व. श्री राजीव गाँधी की दूरदर्शिता का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस पार्टी देश की आजादी की लड़ाई लड़ रही थी तब आरएसएस के लोग अंग्रेजों की मुखबरि कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने श्री राहुल गाँधी को ही चुनौती नहीं दी

3.........

Created by Universal Document Converter

है बल्कि देश के स्वाभिमान को चुनौती देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जब वे स्वयं कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली गये तो बॉर्डर पर ही दिल्ली पुलिस ने रोक लिया। उन्होंने जब कारण पूछा तो दिल्ली पुलिस ने कहा कि उनके दिल्ली प्रवेश पर रोक है, आप चाहे तो इसे आपातकाल ही समझ लें। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दफ्तर में जाने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को रोका गया तथा जब पुलिस ने मुख्यालय में प्रवेश कर लाठीचार्ज किया एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं व नेताओं को गिरफ्तार किया तो कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ वे स्वयं बाहर धरने पर बैठे और निर्णय लिया गया कि पूरे देश में कांग्रेस कार्यकर्ता राजभवन का घेराव कर केन्द्र सरकार की चुनौती का जवाब देकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

श्री डोटासरा ने कहा कि ईडी द्वारा की जा रही कार्यवाही ने मोदी सरकार की कलई खोल दी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने देश में किसी प्रकार का विकास नहीं किया है तथा समाज का हर वर्ग आज मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण परेशान है। उन्होंने कहा कि भाजपा धर्म के आधार पर राजीनति कर रही है, किन्तु अब जनता भाजपा के षड़्यंत्र को अच्छी तरह से समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गॉंधी के विरूद्ध की गई कार्यवाही भाजपा का अंतिम हथियार है, इस चुनौती का सभी कांग्रेसजन एकता के साथ पुरजोर जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का एक कार्यकर्ता भी भाजपा से जारी इस लड़ाई में पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के सैंकड़ों फाईव स्टार कार्यालय देशभर में बन रहे हैं, दिल्ली में हजारों करोड़ रूपये खर्च कार्यालय बनाया, आरएसएस के लोग 20-20 करोड़ की रिश्वत मांगते वीडियो में दिख रहे हैं, उनके विरूद्ध जांच करने की बजाए केन्द्र सरकार कांग्रेस नेताओं पर सवाल उठा रही है जबकि भाजपा के नेता सर से पांव तक भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समस्त नेता एवं कार्यकर्ता अपने नेतृत्व के लिये जान देने से भी पीछे नहीं हटेंगे तथा स्वाभिमान की इस लड़ाई में वीरों की धरती के सपूत जो किसी भी प्रकार के बलिदान से नहीं डरते हैं भाजपा की ईंट से ईंट बजा देंगे।

धरने में मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला, डॉ. महेश जोशी, श्री प्रतापसिंह खाचरियावास, श्री शांति धारीवाल, श्रीमती ममता भूपेश, श्री रामलाल जाट, श्रीमती शकुंतला रावत, श्री गोविन्द राम मेघवाल, श्री परसादीलाल मीणा, श्री भजनलाल जाटव, राज्यमंत्री श्री बृजेन्द्रसिंह ओला,

4.........

Created by Universal Document Converter

श्री अशोक चांदना, विधायक डॉ. जितेन्द्र सिंह, श्री अमीन कागजी, श्री नरेन्द्र बुढानिया, श्री बाबूलाल नागर, श्री रफीक खान, श्री हाकम अली, श्रीमती साफिया जुबेर खान, श्रीमती गायत्री त्रिवेदी, श्री गोपाल मीणा, श्री अमित चाचाण, श्री सीताराम लाम्बा, डॉ. अर्चना शर्मा, श्री संदीप सिंह चौधरी, श्री महेन्द्र गहलोत, श्री डूंगरराम गेदर, श्री रामसिंह राव, उपाध्यक्ष श्री राजेन्द्र चौधरी, मुख्यालय सचिव श्री ललित तूनवाल, श्री रामसिंह कस्वां, प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी, श्री आर. सी. चौधरी, सचिव श्री जसवंत गुर्जर, श्री जियाउर रहमान, श्री पुष्पेन्द्र भारद्वाज, श्री गजेन्द्र सिंह सांखला, श्रीमती प्रतिष्ठा यादव, श्री देशराज मीणा, श्री राजेन्द्र यादव सहित हजारों की संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**

प्रवक्ता

मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter